प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 24 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी श्रृंखला में मैसर्स चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड कंपनी, भारत के उत्तरी, पूर्वी, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों सहित दस राज्यों में किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करती है और राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा राज्यों में प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता है। कंपनी के पास एक विशाल विपणन नेटवर्क है, जिसमें 15 क्षेत्रीय कार्यालय, 2,200 डीलर और 22,000 ग्रामीण स्तर के आउटलेट शामिल है। यह कंपनी दो दशक से अधिक देश की खाद्य सुरक्षा में योगदान दे रही है तथा इस कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के 2 विद्यार्थियों क्रमशः संदीप पाण्डे एवं महेन्द्र गोरा (बीएससी एग्रीकल्चर) का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिमाह पैकेज लगभग रू. 30,000.00 रू तथा अन्य सुविधाए प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

(1) संदीप पाण्डे



(2) महेन्द्र गोरा